**<u>अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों और महाविद्यालयों के संयुक्त प्रयास से साप्ताहिक कार्यक्रम करने की मंच की योजना</u>**

महोदय/महोदया,

यह तथ्य सर्वविदित है कि मन के भावों की अभिव्यक्ति के समय व्यक्ति मातृभाषा का ही प्रयोग करता है। व्यक्ति जीवन में चाहे कितनी ही अन्य भाषाओं को सीख ले, मातृभाषा उस के हृदय के सब से निकट होती है। इसीलिए, प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। भारतीय भाषा मंच, दिल्ली प्रांत का अंतर्राष्टीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों और महाविद्यालयों के संयुक्त प्रयास से साप्ताहिक कार्यक्रम करने की मंच की योजना है। इस योजनान्तर्गत भाषा सम्बन्धी परिचर्चा, काव्यपाठ, लोकगीत, लोककथा व लघुनाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकता है। आपके विश्वविद्यालय /महाविद्यालय/ विद्यालय से इस संदर्भ में सहयोग अपेक्षित है। कृपया सम्बन्धित अधिकृत अध्यापक/प्राध्यापक और विभाग प्रभारी को यह संदेश प्रेषित करें और कार्यक्रम की संभावित तिथि और रूपरेखा से अवगत कराएँ।